ज्ञानदीप

अंक 100

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई.एस.ओ. : 9001–2008 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2008 Certified Centralized Training Institute)

संस्थान – डी ओ टी (020)
26126816, 26123436
रेलवे : 62731

छात्रावास – डी ओ टी
(020) 26130579, मो 7420041134
रेलवे : 62101, 62158

फॅक्स : 020-26128677 रेलवे : 55860
ई–मेल : iricenmail@iricen.railnet.gov.in
वेबसाईट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 26 अप्रैल–जून–2023

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन To Beam as a Beacon of Knowledge

इस अंक में

1. हमारे नए महानिदेशक
2. श्री अशोक कुमार, महानिदेशक की विदाई
3. श्री रमेश पिंजानी, अपर महानिदेशक की विदाई
4. श्री सत्यप्रकाश, संकाय अध्यक्ष की अपर महानिदेशक के पद पर पदोन्नति
5. निदेशक राजभाषा (रेलवे बोर्ड) का इरिसेन दौरा
6. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 156 वीं बैठक
7. संस्थान में नए छात्रावास भवन का भूमिपूजन
8. आईआरएसई 2019 बैच का दीक्षांत समारोह
9. विश्व योग दिवस का आयोजन
10. प्रधान मुख्य इंजिनियरों का सेमिनार
11. मुख्य इंजीनियर, रेलपथ मशीन का सेमिनार
12. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम
13. स्वागत / विदाई
14. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

1. हमारे नए महानिदेशक



भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के 1986 बैच के अधिकारी श्री आर.के. यादव ने दिनांक 01 जुलाई, 2023 को संस्थान के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया है। आप इरिसेन में आने से पहले मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), पश्चिम रेलवे, मुंबई के पद पर कार्यरत थे। आपने आईआईटी रूड़की से बी. ई.(सिविल इंजी.) एवं आईआईटी दिल्ली से एम. टेक (सॉइल मैकेनिक्स एंड फाउंडेशन इंजी.) की डिग्री प्राप्त की है। आपने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर, मुख्य परियोजना निदेशक, स्टेशन विकास मध्य रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक भुसावल, मुख्य महाप्रबंधक (प्रॉपर्टी बिजनेस) डीएमआरसी, नई दिल्ली, मुख्य इंजीनियर (नि. IV) पूर्व रेल कोलकाता, महाप्रबंधक (सिविल) अर्बन ट्रान्सपोर्ट मेसर्स राइटस लिमिटेड मुंबई के अतिरिक्त प्रशिक्षण क्षेत्र में वरिष्ठ प्राध्यापक रेलपथ एवं प्राध्यापक रेलपथ इरिसेन पुणे तथा वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) पुणे मंडल एवं उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक प्रॉक्योरमेंट), उप मुख्य इंजीनियर (नि.) डिजाइन, कार्यकारी इंजीनियर (नि.), डिजाइन के रूप में मुंबई, भोपाल, ग्वालियर इत्यादि महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

आपने वर्ष 1990 में रेल सेवा में कैरियर की शुरुआत सहायक मंडल इंजीनियर (अनु.) सागर पश्चिम मध्य रेल से की थी। आपने भारत तथा विदेशों में भी कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे वर्ष 2006 में आईएनएसईएडी सिंगापुर और आईसीएलआईएफ मलेशिया में आयोजित 'एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम', वर्ष 2010 में आईएसबी हैदराबाद में आयोजित 'स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट वर्कशॉप' और वर्ष 2017 में इटली में आयोजित 'इग्जेक्यूटिव लीडरशिप प्रोग्राम' आदि गहन विशेषज्ञता वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

मंडल रेल प्रबंधक भुसावल के रूप में मजबूत नेतृत्व और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रेल मंत्री की ओर से वर्ष 2019 में नेतृत्व एवं उत्कृष्टता प्रदर्शन पुरस्कार, वर्ष 2004 में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) पुणे के रूप में मंडल में इंजीनियरिंग कार्यों की उत्कृष्ट योजना एवं निष्पादन के लिए मध्य रेलवे की 'इंजीनियरिंग दक्षता शील्ड', वर्ष 1999 में उत्कृष्ट योजना एवं कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक पुरस्कार, वर्ष 1985 में उत्तर प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी परिवहन इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए 'शताब्दी स्वर्ण पदक' और विश्वविद्यालय 'रजत पदक' से सम्मानित किया गया। इरिसेन परिवार आपका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता है।

2. श्री अशोक कुमार, महानिदेशक की विदाई




संस्थान के महानिदेशक श्री अशोक कुमार की सेवानिवृत्ति दिनांक 30 जून, 2023 को हुई। सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है एवं शुभकामनाएं देता है।

संरक्षक
आर. के. यादव
महानिदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
अविनाश कुमार
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
प्राध्यापक, रेलपथ 2

संपादक
राजू पाल
वरिष्ठ अनुवादक
सहयोग – उदय ताजणे, व.अनुवादक

3. श्री रमेश पिंजानी, अपर महानिदेशक की विदाई



संस्थान के अपर महानिदेशक श्री रमेश पिंजानी की सेवानिवृत्ति दिनांक 31 मई, 2023 को हुई। सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है एवं शुभकामनाएं देता है।

4. श्री सत्य प्रकाश, संकाय अध्यक्ष की अपर महानिदेशक के पद पर पदोन्नति



संस्थान में कार्यरत श्री सत्य प्रकाश, संकाय अध्यक्ष की पदोन्नति पर तैनाती अपर महानिदेशक/एसएसटीडब्ल्यू के पद पर हुई है। उन्होंने दिनांक 30 मई, 2023 को पदभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन परिवार की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

5. निदेशक राजभाषा (रेलवे बोर्ड) का इरिसेन दौरा



दिनांक 30 मई, 2023 को श्री बरुण कुमार, निदेशक राजभाषा (रेलवे बोर्ड) नई दिल्ली ने संस्थान का दौरा किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी सदस्यों के साथ प्रशिक्षण एवं अनुवाद कार्य पर विशेष चर्चा – बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री अशोक कुमार, महानिदेशक इरिसेन ने की। बैठक के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निदेशक राजभाषा (रेलवे बोर्ड) ने कहा कि हिंदी एक सर्वसमावेशक भाषा है, जिसने विश्व के अनेक भाषाओं के शब्दों को अपनाया है। हमें प्रशिक्षण से संबंधित कार्यों में तकनीकी अंग्रेजी शब्दों के देवनागरी में उपयोग कर तकनीकी कार्य का विस्तार बढ़ाना चाहिए। विभिन्न प्रशासकीय कार्यों के साथ-साथ इंजीनियरिंग, चिकित्सा शिक्षा जैसे तकनीकी भाषा के क्षेत्र में भी हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने संस्थान में किए जा रहे राजभाषा के प्रचार-प्रसार में किए गए कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया।

6. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 156 वीं बैठक



संस्थान में 10 मई, 2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 156 वीं बैठक का आयोजन किया गया। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के अवसर पर अध्यक्ष एवं महानिदेशक श्री अशोक कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने संस्थान में राजभाषा हिंदी की प्रगति, राजभाषा बैठकों के नियमित एवं समय पर आयोजन तथा बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने संस्थान पर किए जा रहे हिंदी कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि हमें कार्य में हिंदी के सरल, सुबोध शब्दों का ही प्रयोग करना है। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार 'शब्दों का मानकीकरण' के अनुरूप शब्द प्रयोग करना सुनिश्चित किए जाएं, जिससे कार्य में सुगमता होगी और हिंदी प्रगति में और अधिक वृद्धि होगी। ग्रंथालय में साहित्यिक हिंदी पत्रिका 'पुष्पांजलि' उपलब्ध कराने की सराहना की और कहा कि हमें अच्छे साहित्य पढ़ने से हमारे ज्ञान में तो वृद्धि होगी ही साथ ही इसके कई सारे लाभ भी हमें प्राप्त होंगे।

उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं बैठक के उपाध्यक्ष श्री अविनाश कुमार ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों स्वागत किया। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेल देश के भौगोलिक क्षेत्रों को आपस में जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करती है राजभाषा हिंदी इस भाषाई विविधता वाले देश में सबको एक सूत्र में जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। संस्थान में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप हिंदी की प्रगति हो रही है।

7. संस्थान में नए छात्रावास भवन का भूमिपूजन



दिनांक 17 जून, 2023 को संस्थान में नए छात्रावास भवन का भूमि पूजन श्री अशोक कुमार, महानिदेशक के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर महानिदेशक (एसएसटीडब्ल्यू) श्री सत्यप्रकाश, संस्थान के अधिकारीगण तथा मुंबई रेल विकास निगम के मुख्य प्रबंध निदेशक श्री एस. सी. गुप्ता, निदेशक/एमआरवीसी श्री आर.के. श्रीवास्तव, मुख्य परियोजना प्रबंधक श्री भावेश कुमार झा, तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। वर्तमान बिल्डिंग के स्थान पर नए छात्रावास बिल्डिंग के निर्माण का कार्य एमआरवीसी को प्रदान किया गया है। फेज -1 में, वर्तमान छात्रावास के दक्षिणी विंग को गिराकर एक टॉवर (72 आवासीय कमरों एवं मेस) का निर्माण किया जाएगा।

8. आईआरएसई 2019 बैच का दीक्षांत समारोह



दिनांक 13 अप्रैल, 2023 को संस्थान में आईआरएसई-2019 की बैच के 11 परिवीक्षार्थियों के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता अपर महानिदेशक श्री रमेश पिंजानी ने की। मंच पर अपर महानिदेशक महोदय, संकाय अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश तथा पाठ्यक्रम निदेशक एवं वरिष्ठ प्राध्यापक – परियोजना श्री राजेश शेखावत उपस्थित थे।

समारोह में परिवीक्षार्थियों के साथ संकाय सदस्यों एवं संस्थान के समस्त कर्मचारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्शाई। इस अवसर अपर महानिदेशक, संकाय अध्यक्ष, पाठ्यक्रम निदेशक और वरिष्ठ प्राध्यापक रेलपथ 1 श्री घनश्याम बंसल ने अपने संबोधन में परिवीक्षार्थियों को भारतीय रेल के विकास में हो रहे गतिशील आधुनिकीकरण के युग में इंजीनियरों की भूमिका के बारे में बताते हुए ज्ञान अद्यतन रखने और रेल सेवा ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करने की मंत्रणा करते हुए सभी परिवीक्षार्थियों को

उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। परिवीक्षार्थियों ने प्रशिक्षकों के प्रति सम्मान का प्रदर्शन करते हुए प्रशिक्षणावधि के दौरान अपने अनुभव साझा किए तत्पश्चात परिवीक्षार्थियों को दीक्षांतोपरांत दिए जाने वाले प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया।

9. विश्व योग दिवस का आयोजन



संस्थान में दिनांक 21 जून, 2023 को विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। संस्थान के स्पोर्टस कॉम्पलेक्स एवं एसएसटीडब्ल्यू में योग संबंधी विभिन्न आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास योग गुरू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।



प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्व योग दिवस –23 के लिए एक खास थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' रखी गई थी। इस थीम का तात्पर्य है कि धरती पर रहने वाले सभी लोगों के स्वास्थ्य के लिए योग महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अधिकारीगण एवं प्रशिक्षु अधिकारियों ने योग की उपयोगिता को आत्मसात किया और उसे अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया।

10. प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार



इरिसेन में दिनांक 19 एवं 20 मई, 2023 को प्रधान मुख्य इंजीनियरों का सेमिनार आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य प्रधान मुख्य इंजीनियरों के बीच विचार–विमर्श के लिए मंच प्रदान करना तथा सिविल इंजीनियरिंग को प्रभावित करने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना था। श्री अशोक कुमार, महानिदेशक/इरिसेन ने सेमिनार में उपस्थित सदस्यों को स्वागत किया। तदुपरांत कार्यकारी निदेशक/एम एंड एमसी रेलवे बोर्ड, प्रमुख कार्यकारी निदेशक/ आरडीएसओ ने अपना स्वागत भाषण दिया।

विभिन्न क्षेत्रीय रेलों की कार्यसूची मदों पर चर्चा की गई। सेमिनार में प्रशिक्षण, मानव शक्ति योजना, रेलपथ अनुरक्षण एवं रेलपथ नवीकरण, यूएसएफडी, ट्रैक मॉनिटरिंग, पुल इत्यादि कार्यसूची मदों पर चर्चा की गई। अपर सदस्य (भूमि एवं अधि.) ने भूमि /मामले पर प्रस्तुतीकरण दिया। सेमिनार में दिनांक 20 मई, 2023 को श्री आर.एन.सुनकर, सदस्य इंन्फ्रास्ट्रक्चर रेलवे बोर्ड, श्री ब्रजेश कुमार गुप्ता, अपर सदस्य सिविल इंजीनियरिंग ने संबोधित तथा मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर श्री आर. एन.सुनकर, सदस्य



इंन्फ्रास्ट्रक्चर रेलवे बोर्ड के कर–कमलों द्वारा संस्थान में फास्ट पेस कंन्सट्रक्शन हेतु मॉडल रूम का उद्घाटन किया गया।

11. मुख्य इंजीनियर / रेलपथ मशीन का सेमिनार



इरिसेन में दिनांक 15 एवं 16 जून, 2023 को मुख्य इंजीनियर/ रेलपथ मशीन का सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय रेलों के मुख्य इंजीनियर/रेलपथ मशीन एवं कार्यकारी निदेशक/रेलपथ (एम एंड एमसी), कार्यकारी निदेशक/रेलपथ मशीन/आरडीएसओ ने हिस्सा लिया। सेमिनार की अध्यक्षता श्री अशोक कुमार महानिदेशक /इरिसेन ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। सेमिनार में मुख्य इंजीनियर रेलपथ मशीन सेमिनार – 2022 में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की गई। सेमिनार के दौरान नीतिगत मामले, मशीनों के लिए स्पेयर्स, प्रगति एवं कार्यनिष्पादन की रिपोर्टिंग करना, मानव शक्ति, तकनीकी मामले, मशीनों का अनुरक्षण (पीओएच/आईओएच इत्यादि), प्रशिक्षण, बजट, कैम्प कोच एवं वैगन की आवश्यकता, मशीनों में सामान्य सुधार इत्यादि पर विचार विनिमय किया गया। सेमिनार में विभिन्न मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मेसर्स वंदना इंटरनेशनल द्वारा RGM/ SRGM, मेसर्स AIMIL द्वारा Gedo -Trolley पर प्रस्तुतीकरण किया गया ।

12. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

1	23304	मुख्य प्लानिंग एवं डिजाइन/मु. इंजी./ स्टेशन विकास सेमिनार	03/08/2023	04/08/2023
2	23226	वेबिनार: पुलों पर एलडब्ल्यूआर	04/08/2023	04/08/2023
3	23426	टनेलिंग	07/08/2023	18/08/2023
4	23456	बेंटले ओपन रेल	07/08/2023	11/08/2023
5	23616	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रेलपथ)	07/08/2023	25/08/2023
6	23819	यार्ड लेआउट उन्नयन एवं अनुरक्षण	07/08/2023	11/08/2023
7	23104	समेकित	14/08/2023	03/11/2023
8	23820	कंक्रीट प्रौद्योगिकी पुलों के लिए पीएससी/ आरसीसी	14/08/2023	18/08/2023
9	23821	आधुनिक सर्वेक्षण और भूमि प्रबंधन	14/08/2023	18/08/2023

10	23227	वेबिनार : पुलों का विफलता अध्ययन	18/08/2023	18/08/2023
11	23203	वरिष्ठ व्यावसायिक रेलपथ	21/08/2023	15/09/2023
12	23428	कर्व, टर्नआउट्स एवं लेआउट कैलक्यूलेशन्स	21/08/2023	25/08/2023
13	23617	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (कार्य)	21/08/2023	01/09/2023
14	23905	आरडीएसओ पुल ग्रुप के लिए विशेष पाठ्यक्रम	21/08/2023	01/09/2023
15	23429	अवपथन जांच	28/08/2023	01/09/2023
16	23618	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (यूएसएफडी)	28/08/2023	02/09/2023
17	23228	वेबिनार : विवाचन में प्रतिवादियों की भूमिका और जिम्मेदारियां	01/09/2023	01/09/2023
18	23430	यंत्रीकृत अनुरक्षण, ट्रैक टॉलरन्स और रेलपथ निगरानी	04/09/2023	08/09/2023
19	23619	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रेलपथ)	04/09/2023	22/09/2023
20	23822	टीएमएस, रेलपथ भंडार तथा रेलपथ निगरानी	04/09/2023	15/09/2023
21	23906	आरडीएसओ ट्रैक ग्रुप के लिए विशेष पाठ्यक्रम	04/09/2023	15/09/2023
22	23431	यूएसएफडी तथा रेल ग्राइंडिंग	11/09/2023	15/09/2023
23	23502	डीएफसीसीआईएल ग्रेड II फेज I के कनिष्ठ प्रबंधकों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	11/09/2023	03/11/2023
24	23424	परियोजना प्रबंधन	18/09/2023	22/09/2023
25	23454	स्टैडप्रो	18/09/2023	22/09/2023
26	23823	160 किमी./ घंटा के लिए रेलपथ अनुरक्षण	18/09/2023	29/09/2023
27	23907	डीएफसीसीआईएल ग्रेड III, फेज II के कार्यकारियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	18/09/2023	29/12/2023
28	23433	ठेका और विवाचन, आईआरडब्ल्यूसीएमएस	25/09/2023	06/10/2023
29	23620	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (यूएसएफडी)	25/09/2023	30/09/2023
30	23230	वेबिनार: रेल विफलता और रेल ग्राइंडिंग	29/09/2023	29/09/2023
31	23824	यार्ड लेआउट सुधार और अनुरक्षण	03/10/2023	07/10/2023
32	23825	अवपथन जांच	03/10/2023	07/10/2023
33	23439	यूएसएफडी और रेल ग्राइंडिंग	09/10/2023	13/10/2023
34	23621	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रेलपथ)	09/10/2023	27/10/2023
35	23826	कंक्रीट प्रौद्योगिकी, पुलों के लिए पीएससी/ आरसीसी	09/10/2023	13/10/2023
36	23212	वेबिनार: पीएमसी की भूमिका और ईपीसी ठेकों में गुणवत्ता नियंत्रण	13/10/2023	13/10/2023
37	23438	फॉर्मेशन निर्माण	16/10/2023	20/10/2023
38	23622	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (पुल)	16/10/2023	03/11/2023
39	23437	पुल निरीक्षण, अनुरक्षण, पुनर्स्थापना और पुनर्निर्माण, बीएसएस	23/10/2023	03/11/2023
40	23231	वेबिनार: टेम्पिंग का 3-पॉइंट डिजाइन मोड़ और एएलसी का उपयोग	27/10/2023	27/10/2023
41	23623	पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (यूएसएफडी)	30/10/2023	04/11/2023

13. स्वागत एवं विदाई



संस्थान में कार्यरत **श्री सिद्धार्थ वाघमारे, तकनीशियन** की सेवानिवृत्ति दिनांक 30 अप्रैल, 2023 को हुई। सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है और शुभकामनाएं देता है।



संस्थान में कार्यरत **श्री शिवाजी तावडे, वरिष्ठ तकनीशियन** की सेवानिवृत्ति दिनांक 31 मई, 2023 को हुई। सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है और शुभकामनाएं देता है।

14. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

सत्र संख्या क्र. 23101

प्रथम



श्री संजय कुमार मिश्रा,
सहा. कार्यकारी इंजी./ नई दिल्ली मुख्यालय, उ.रे.

द्वितीय



श्री अनुज कुमार,
सहा.मंडल इंजी./ अमृतसर/उ.रे.

तृतीय



श्री अशोक कुमार वर्मा,
सहा. कार्यकारी इंजी./तलवारा/उ.रे.

श्री अविनाश कुमार, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक, रेलपथ 2 भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे-1 द्वारा केवल सीमित नि:शुल्क वितरण हेतु प्रकाशित ।